आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 22.07.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— संसद का बजट सत्र आज से शुरू—वित्तमंत्री ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण।

2— छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है—सत्र के पहले दिन सदन में गूंजा बलौदाबाजार आगजनी की घटना का मामला।

3— केन्द्र ने सरकारी कर्मचारियों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ—आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है।

4— मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा संभाग में हो सकती है भारी बारिश—दुर्ग जिले में लगातार बारिश से शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़कर खतरे के निशान के करीब पहुंचा।

**संसद बजट—सत्र**

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार तेईस—चौबीस में वित्त वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस के लिए सकल घरेलू

उत्पाद की वृद्धि दर साढ़े छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया।

वहीं, केन्द्रीय वित्त मंत्री कल एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट पेश करेंगी।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल पेश किया जाने वाला बजट अमृत काल का महत्वपूर्ण बजट होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सरकार के इस कार्यकाल के पांच वर्ष की दिशा तय करेगा और यह दो हजार सैंतालीस के विकसित भारत अभियान के सपने की नींव बनेगा।

**<u>विधानसभा सत्र–01</u>**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन आज विपक्षी सदस्यों ने बलौदाबाजार में हुई आगजनी और तोड़फोड़ का मामला जोरशोर से उठाया। शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्य इस मामले में स्थगन प्रस्ताव लाए। स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंक–झोंक हुई। नेता–प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह घटना प्रदेश की समरसता और भाईचारे को खत्म करने का षड़यंत्र है।

जवाब में उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया कि अमरगुफा घटना में समुचित कार्रवाई की गई है। आगजनी और

तोड़फोड़ के दौरान चालीस पुलिस कर्मचारी घायल हुए थे और चौदह केस दर्ज किए गए थे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने बलौदाबाजार आगजनी और हिंसा मामले पर स्थगन को अग्राह्य कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी और हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई, तो विपक्ष ने एक बार फिर बलौदाबाजार आगजनी और तोड़फोड़ मामले में लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराए जाने की मांग की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने विपक्ष के आग्रह को स्वीकार नहीं किया। इस पर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में प्रवेश किया, जिसके चलते वे सभी सदस्य स्वयमेव निलंबित हो गए।

**<u>विस–सत्र–02</u>**

इससे पहले, सत्र की शुरूआत में आज पांच दिवंगत पूर्व विधानसभा सदस्यों – मकसूदन लाल चंद्राकर, अमीन साय, लक्ष्मी प्रसाद पटेल, अग्नि चंद्राकर और अंतु राम कश्यप को श्रद्धांजलि देने के साथ ही उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद किया गया।

इसके अलावा आज प्रश्नकाल के दौरान स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मामला भी उठा। भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने जानना चाहा कि स्कूलों में रिक्त पदों पर भर्ती कब तक की जाएगी। जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने

बताया कि छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात राष्ट्रीय अनुपात से बेहतर है। देश में छब्बीस विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक है। जबकि प्रदेश में इक्कीस विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की पदस्थापना में अब युक्तियुक्तकरण किया जाएगा, जिससें सभी स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध हो जाएंगे। साथ ही सभी स्कूलों में विषय–विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना की जाएगी।

वहीं, सदन में आज भाजपा विधायक भावना बोहरा और अजय चंद्राकर द्वारा कबीरधाम जिला के पिपरिया थाना अंतर्गत बिरकोना ग्राम में एक किसान की हत्या के मामले में पेश ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने आज सदन में वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहले अनुपूरक अनुमान को पटल पर रखा। इस पर कल सदन में चर्चा होगी।

**केन्द्र–आरएसएस / कर्मचारी**

केन्द्र ने सरकारी कर्मचारियों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ–आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। नवंबर उन्नीस सौ छियासठ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल के दौरान कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने यह प्रतिबंध लागू किया था। भारतीय जनता पार्टी के सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अंठावन वर्ष पहले जारी यह असंवैधानिक आदेश मोदी सरकार ने वापस ले लिया है। छत्तीसगढ़ सहित हरियाणा, हिमाचल प्रदेश

और मध्य प्रदेश जैसी कई राज्य सरकारों ने सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस से जुड़ने पर लगी पाबंदी पहले ही हटा दी है।

**मौसम–01**

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश स्थानों में कल हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

इस बीच, दुर्ग जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ कर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। महमरा एनीकट में पानी आठ फीट उपर बह रहा है। इसके चलते एनीकट के दस गेट खोल दिए गए हैं। मोंगरा जलाशय से तीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ जा रहा है। इसके चलते शिवनाथ नदी के किनारे स्थित एक दर्जन से अधिक गांवों में मुनादी कराकर लोगों को बाढ़ के खतरे की चेतावनी दी गई है। जल संसाधन विभाग के अनुसार शिवनाथ नदी में आसपास के नदी–नालों से भी काफी पानी आ रहा है। इसके कारण रात में नदी का जलस्तर और बढ़ सकता है। ग्रामीणों को नदी से दूर रहने की सलाह दी गई है।

शिवनाथ नदी में बाढ़ के खतरे को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को तैनात कर दिया गया है।

उधर, बीजापुर जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण रामापुरम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग–तिरसठ में पानी भर गया है। इसके कारण

आवागमन प्रभावित हुआ है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग छत्तीसगढ़ और तेलंगाना को जोड़ता है।

**<u>मौसम–02</u>**

इधर, दंतेवाडा जिले के किरंदुल में लगातार बारिश की वजह से कल एनएमडीसी इलेवन–सी का डैम टूट गया, जिससे शहर में पानी भर गया। इसकी वजह से निचली बस्तियों में रहने वाले लगभग चालीस से पचास परिवारों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया। इस बाढ़ में दो बच्चे भी बह गये थे, लेकिन आसपास के लोगों ने इन दोनों को किसी तरह बचा लिया। दोनों बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने एसडीएम और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा।

**<u>बस्तर–स्थानीय बोली प्रसारण</u>**

बस्तर के जगदलपुर आकाशवाणी केन्द्र से अब स्थानीय बोलियों में करीब पचास प्रतिशत कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा रहा है। अब बस्तर के श्रोता स्थानीय बोली – हल्बी, गोंडी, भतरी, धुरवी में अपने पसंदीदा कार्यक्रम सुन सकते हैं। आकाशवाणी केन्द्र जगदलपुर द्वारा बस्तर डायरी, जीवना चो शोर, आमचो रान, आमचो जीवना, आजी चो सगा, मोचो माटी, रूसरूसा, नानोली,

कुड़ईफूल, डांडामाली नाम से आदिवासी लोकगीत, लोकगाथाएं और भेंटवार्ता एवं अन्य कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं।

आकाशवाणी केन्द्र जगदलपुर के कार्यक्रम प्रमुख बलबीर सिंह कच्छ ने बताया कि इन कार्यक्रमों के प्रसारण का उद्देश्य स्थानीय बोलियों को बढ़ावा देना है।

## सावन सोमवार

आज सावन का पहला सोमवार है। इस अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर विशेष पूजा–अर्चना की। रायपुर में कांवड़ियों ने महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जल चढ़ाया। वहीं, बूढ़ेश्वर महादेव सहित अन्य शिव मंदिरों में भी आज सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही।

उधर, कबीरधाम जिले के भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए आज कवर्धा से भोरमदेव तक पदयात्रा निकाली गई, जिसमें कांवड़िये सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पदयात्रा में शामिल लोग पूरे रास्ते में भजन–कीर्तन करते चल रहे थे। वहीं, राजिम के कुलेश्वर महादेव, चंपारण के चम्पेश्वर महादेव, बम्हनी के ब्रम्हेश्वर महादेव, सिरपुर के गंधेश्वर महादेव और जांजगीर–चांपा जिले के खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर सहित प्रदेश के प्राचीन शिव मंदिरों में भी आज विशेष पूजा–अर्चना की गई।

वहीं, जगदलपुर के इंद्रावती तट पर स्थित महादेव मंदिर, झाड़ेश्वर मंदिर बोधघाट कॉलोनी के शिव मंदिर सहित अनेक शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।

इस बीच, महादेवसाल मंदिर में आयोजित श्रावणी मेला के अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा महादेवसाल स्टेशन में छह गाड़ियों के अस्थायी ठहराव की सुविधा दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

– राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ पर प्रदेश में आज से लेकर अट्ठाईस जुलाई तक शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह का प्रत्येक दिन विशिष्ट विषय को समर्पित किया गया है।

– आज प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में गुरूपूर्णिमा के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और गुरूओं का तिलक लगाकर सम्मान किया गया।

– वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ में नया गार्डन बनाने की घोषणा की है और इसके लिए दस करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है।

– प्रदेश में उद्यानिकी फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है।

– श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत दुर्ग और बस्तर संभाग के श्रद्धालुओं का दल कल स्पेशल ट्रेन से दुर्ग से अयोध्या के लिए रवाना होगा।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही पुलिस द्वारा हर थाना क्षेत्र में चौपाल लगाकर लोगों को साइबर अपराध के प्रति सचेत किया जा रहा है।

– छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। आयोग के सचिव गोपाल वर्मा सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया।

– खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आवासीय तीरंदाजी अकादमी के लिए बीस बालक तथा बीस बालिकाओं का चयन किया गया ळें

– कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र के मोहलाइनभाठा में आज सुबह सर्पदंश से दो लोगों की मौत हो गई।